an>

title: Need to construct dam on rivers of Himachal Pradesh and Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) ः देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून का आगमन हो चुका है, प्रधानमंत्री जी ने वर्षा के पानी की एक-एक बूंद बचाने का आह्वान किया है। मैं आदरणीय जल संसाधन मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहूँगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र अम्बाला का 100 किमी. से भी अधिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र के साथ लगता है। मेरे क्षेत्र के यमुनानगर जिले में जिस प्रकार से पांच राज्यों ने मिलकर हथिनीकुंड बैराज बनाया है, अगर इसी प्रकार से हिमाचल में रेणुका व किसाऊ नदी पर बांधों का निर्माण कर दिया जाता है और हरियाणा में यमुना नदी और सहायक नदियों पर बांधों के निर्माण कर दिया जाता है तो हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों की जल समस्याओं का समाधान हो सकता है और वर्षा का जो 85 प्रतिशत से भी अधिक जल बेकार चला जाता है उस जल का संचय करके हम हाइड्रो पावर का निर्माण कर सकते हैं। मै मांग करता हॅं कि उपरोक्त बांधों के अतिरिक्त मेरे लोक सभा क्षेत्र के साथ लगती नदियों में आ रहे वर्षा के जल प्रबंधन के लिए भी छोटे-छोटे डैम बनाए जायें, ताकि हम अपनी जल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।